# कक्षा 5 हिन्दी (वीणा)
## अभ्यास प्रश्न पत्र – 1
**(सत्र – 2026-27)**

**निर्धारित समय:** 2 घंटे | **अधिकतम अंक:** 50

**सामान्य निर्देश:**
- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
- प्रश्न-पत्र को चार भागों में बाँटा गया है।
  - ➤ भाग क (पठन) – 10 अंक
  - ➤ भाग ख (लेखन) – 10 अंक
  - ➤ भाग ग (व्याकरण) – 10 अंक
  - ➤ भाग घ (पाठ्यपुस्तक) – 20 अंक
- प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने अंकित हैं।

### भाग-क (पठन)

**1. दिए गए गद्यांश को पढ़िए। [5]**

हमारे घर के पास एक छोटा-सा बगीचा था। सुबह होते ही वहाँ चिड़ियों की चहचहाहट सुनाई देती थी। पेड़ों की हरी पत्तियों पर ओस की बूँदें चमकती थीं। मेरी दादी रोज़ पौधों को पानी देती थीं और कहती थीं कि पेड़-पौधे हमारे जीवन के सच्चे साथी हैं। वे हमें फल, फूल, छाया और स्वच्छ हवा देते हैं। एक दिन मैंने भी दादी के साथ मिलकर एक नया पौधा लगाया। मैंने निश्चय किया कि उसकी नियमित देखभाल करूँगा।

क. बगीचे में सुबह क्या सुनाई देती थी?
- i. बच्चों की आवाज़
- ii. चिड़ियों की चहचहाहट
- iii. घंटी की आवाज़
- iv. बारिश की आवाज़

ख. दादी पौधों के साथ क्या करती थीं?
- i. उन्हें काटती थीं
- ii. उन्हें पानी देती थीं
- iii. उन्हें बेचती थीं
- iv. उन्हें घर में रखती थीं

ग. पेड़-पौधे हमें इनमें से क्या देते हैं?
- i. केवल लकड़ी
- ii. केवल पानी
- iii. फल, फूल, छाया और स्वच्छ हवा
- iv. केवल फल

घ. बच्चे ने क्या निश्चय किया?
- i. पेड़ काटने का
- ii. नया पौधा लगाने और उसकी देखभाल करने का
- iii. बगीचा छोड़ने का
- iv. चिड़ियाँ पकड़ने का

ङ. 'साथी' का समानार्थी शब्द है-
- i. मित्र
- ii. शत्रु
- iii. रास्ता
- iv. समय

**2. 'चाँद का कुरता' कविता के दिए गए भाव के आधार पर सही उत्तर चुनिए।** **[5]**

"सन-सन चलती हवा रात भर, जाड़े से मरता हूँ,
ठिठुर-ठिठुरकर किसी तरह यात्रा पूरी करता हूँ।"

क. चाँद किस मौसम से परेशान है?

i. गरमी | ii. वर्षा
iii. जाड़ा | iv. वसंत

ख. चाँद अपनी माँ से क्या सिलवाना चाहता है?

i. रेशमी चादर | ii. ऊन का मोटा झिंगोला
iii. टोपी | iv. बरसाती

ग. चाँद यात्रा कैसे पूरी करता है?

i. हँसते-हँसते | ii. दौड़ते-दौड़ते
iii. ठिठुर-ठिठुरकर | iv. सोते-सोते

घ. 'सफर' का समानार्थी शब्द है—

i. यात्रा | ii. रुकना
iii. घर | iv. आँगन

ङ. 'मोटा' का विलोम शब्द है—

i. लंबा | ii. पतला
iii. भारी | iv. बड़ा

## भाग-ख (लेखन)

**3. 'साङकेन' पाठ को पढ़ते हुए साङकेन त्योहार के बारे में अपने विचार बताते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिए।** **[5]**

प्रिय मित्र ________,
आशा है तुम ठीक हो।

________________________________________________________________
________________________________________________________________
________________________________________________________________
________________________________________________________________
________________________________________________________________
________________________________________________________________
________________________________________________________________
________________________________________________________________

तुम्हारा मित्र / तुम्हारी मित्र : ________________

**अथवा**

**प्रधानाचार्य को दिल्ली भ्रमण के लिए ले जाने का निवेदन करते हुए एक पत्र लिखिए।**

______________________________________________________________________
______________________________________________________________________
______________________________________________________________________
______________________________________________________________________
______________________________________________________________________

**4. नीचे दी गई कहानी को पूरा कीजिए।** **[5]**

कुछ साल पहले की बात है। मीरा गर्मी की छुट्टियों में अपनी नानी के घर गई हुई थी। एक दिन सुबह वह आँगन में खेल रही थी कि अचानक उसे एक घायल चिड़िया दिखाई दी। मीरा ने उसे उठाया और ____________________________

______________________________________________________________________
______________________________________________________________________
______________________________________________________________________
______________________________________________________________________
______________________________________________________________________
______________________________________________________________________

**अथवा**

**'आपके सपनों का विद्यालय कैसा होना चाहिए?' कुछ वाक्यों में वर्णन कीजिए।**

______________________________________________________________________
______________________________________________________________________
______________________________________________________________________
______________________________________________________________________
______________________________________________________________________
______________________________________________________________________

## भाग-ग (व्याकरण)

**5. दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **[5×1 = 5]**

क. नीचे दिए गए शब्दों को हिंदी वर्णमाला के क्रम में लगाइए।
करेला, जल, नमकीन, मटका, समय

ख. रेखांकित शब्द का विलोम अर्थ रिक्त स्थान में भरिए।
मेरे जागने और __________ का समय निश्चित है।

ग. विशेषण शब्द पर गोला लगाइए।
उज्जैन की प्राचीन और ऐतिहासिक नगरी के बाहर एक लंबा-चौड़ा मैदान था।

घ. 'पवन' का एक समानार्थी शब्द लिखिए।

ङ. शुद्ध वर्तनी वाले शब्द पर गोला लगाइए—
मूर्तियाँ | मुर्तियाँ | मूर्तिया

**6. दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **[5×1 = 5]**

क. नीचे दिए गए मुहावरे का अर्थ लिखिए— 'आँख लगना'

______________________________________________

ख. सर्वनाम शब्द पर गोला लगाइए— 'वह जल्दी-जल्दी नाव चलाकर दूर निकल गया।'

ग. क्रिया शब्द पर गोला लगाइए— 'चित्रकार चुपके से खिसक गया।'

घ. दिए गए वाक्य के लिए एक शब्द लिखिए— 'वर्ष में एक बार होने वाला' : ______________

ङ. रिक्त स्थान भरिए— 'दूध की _________ (बाल्टी/टोकरी)'

## भाग-घ (पाठ्यपुस्तक)

**7. दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **[5×2 = 10]**

क. 'किरन' कविता में किरन बालिका को जगाने के बाद कहाँ जाती है और शाम होने पर क्या करती है?

______________________________________________

______________________________________________

ख. 'न्याय की कुर्सी' में लोग अपनी फरियाद लेकर लड़के के पास क्यों जाने लगे?

______________________________________________

______________________________________________

ग. 'साङकेन' त्योहार के अवसर पर मंदिर की सजावट किस प्रकार की गई थी?

______________________________________________

______________________________________________

घ. 'चतुर चित्रकार' में चित्रकार ने शेर से बचने के लिए कौन-सी युक्ति अपनाई?

______________________________________________

______________________________________________

ङ. 'सुंदरिया' कहानी में हीरासिंह ने अपनी गाय को वापस गाँव ले जाने का निर्णय क्यों किया?

______________________________________________

______________________________________________

**8. 'चाँद का कुरता' कविता के आधार पर बताइए कि चाँद की माँ उसके लिए झिंगोला सिलवाने से क्यों घबराती है।** **[3]**

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

**अथवा**

प्रकृति हमें क्या-क्या देती है और हम प्रकृति के लिए क्या-क्या कर सकते हैं?

______________________________________________________________________
______________________________________________________________________
______________________________________________________________________
______________________________________________________________________
______________________________________________________________________

9. 'सुंदरिया' पाठ के आधार पर बताइए कि सेठ के यहाँ सुंदरिया ने दूध देना क्यों कम कर दिया था। **[3]**

______________________________________________________________________
______________________________________________________________________
______________________________________________________________________
______________________________________________________________________
______________________________________________________________________

10. 'सुंदरिया' पाठ के आधार पर बताइए कि हीरासिंह अपनी गाय को बेचने से क्यों डर रहा था और वह उसे क्यों नहीं बेचना चाहता था। **[4]**

______________________________________________________________________
______________________________________________________________________
______________________________________________________________________
______________________________________________________________________
______________________________________________________________________
______________________________________________________________________

**अथवा**

'चतुर चित्रकार' में चित्रकार की कौन-सी विशेषता आपको सबसे अच्छी लगी? कारण सहित लिखिए।

______________________________________________________________________
______________________________________________________________________
______________________________________________________________________
______________________________________________________________________
______________________________________________________________________
______________________________________________________________________